## Headline

1. Manipur: 'मणिपुर जिस तरह की स्थिति का सामना कर रहा वह अभूतपूर्व', असम राइफल्स के डीजी को याद आई 90 दशक की घटना
2. शुरूआती तीन में से दो प्रयास फाउल फिर भी दूसरे स्थान पर पहुंच गए चोट से परेशान नीरज, लेकिन 15CM से चूके
3. LPG Prices: घरेलू सिलेंडर के बाद वाणिज्यिक सिलेंडर के दामों में भी कटौती, इतनी कम हुई कीमत
4. G20 Summit: बाइडन को जिनपिंग के समिट में आने की आशा, विशेषज्ञ ने बताया क्यों भारत नहीं आएंगे चीनी राष्ट्रपति
5. Titanic: टाइटैनिक जहाज के लिए एक और अभियान की तैयारी, लेकिन अमेरिकी सरकार विरोध में उतरी

कहुँ कहुँ सरिता तीर उदासी। बसहिं ग्यान रत मुनि संन्यासी।।
साधक सिद्ध बिमुक्त उदासी। कबि कोबिद कृतग्य संन्यासी।।
( मानस संन्यास। रामकथा 922 - काठमांडु, नेपाल। मोरारी बापू )


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 56 | इंदौर, शुक्रवार 01 सितंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# 45 जिलों में सूखे जैसे हालात

## उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा मानसून, अब सितंबर से आस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन समेत 45 जिलों में मानसून उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है। अगस्त महीने में इन जिलों में कहीं 12 प्रतिशत तो कहीं 94प्रतिशत तक कम बारिश हुई है, जबकि प्रदेश में अगस्त महीने में ही कोटे की 40त्न तक बारिश का ट्रेंड है।

भारतीय मौसम विभाग के वैज्ञानिकों का कहना है कि अगस्त में दो बार करीब 21 दिन तक मानसून ब्रेक रहा। सिर्फ आठ दिन ही पानी गिरा। इस कारण अधिकांश जिलों में सूखे के हालात हैं। इस बार भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और उज्जैन में तो 11 साल में सबसे कम बारिश हुई है। प्रदेश में 1 जून से 31 अगस्त तक ओवरऑल 26.05 इंच बारिश हो चुकी है, जबकि अब तक 30.81 इंच बारिश होनी चाहिए थी। इस हिसाब से 15त्न कम बारिश हुई है। अगस्त महीने में 7.94 इंच पानी गिरा है, जबकि 13.15 इंच बारिश होनी चाहिए थी। इस हिसाब से करीब 40त्न पानी कम गिरा है।

### ◆ जुलाई के बाद अगस्त भी पिछड़ा

मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि जुलाई के आखिरी में लो प्रेशर एरिया बना था। इसके चलते 4 से 5 अगस्त तक अच्छी बारिश हुई थी। इसके बाद करीब 15 दिन तक मानसून का वीक फेज आया। इस कारण मानसून ब्रेक जैसी स्थिति बनी रही। इसके बाद प्रदेश के पूर्वी हिस्से में तेज बारिश हुई, लेकिन पश्चिमी हिस्से में सामान्य से कम बारिश हुई। 24 अगस्त को फिर मानसून ब्रेक हो गया। इस कारण प्रदेश में अगस्त महीने में सामान्य से 40त्न कम बारिश हुई।



### बंगाल की खाड़ी में सिस्टम एक्टिव हो रहा

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. सिंह बताते हैं कि सितंबर में मानसून से कुछ उम्मीद है। 4 से 5 सितंबर के आसपास बंगाल की खाड़ी में सिस्टम एक्टिव हो रहा है। 6 से 7 सितंबर तक लो प्रेशर एरिया एक्टिव हो सकता है। इससे पूर्वी हिस्से में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। यह सिस्टम 18 से 19 सितंबर तक एक्टिव रह सकता है।

### अब तक पांच बड़े डैम ही छलके

अब तक हुई मानसूनी बारिश की वजह से कोलार, बरगी, इंदिरा सागर, तवा और टिल्लर डैम ही छलके हैं। बाकी डैम खाली ही हैं। कोलार और बरगी डैम के गेट तो जुलाई में ही खुल गए थे। भोपाल की बात करें, तो बड़ा तालाब अभी भी ढाई फीट खाली है। इस कारण भदभदा और कलियासोत डैम के गेट नहीं खुल सके हैं। केरवा डैम भी खाली है।

### मानसून के दो महीने महत्वपूर्ण, दोनों में कम बारिश हुई

मौसम विभाग के अनुसार मध्यप्रदेश में 1 जून से मानसून की एक्टिविटी शुरू हो जाती है, जो 30 सितंबर तक रहती है। मानसून के 4 में से 2 महीने जुलाई और अगस्त में अच्छी बारिश होती है, लेकिन इस बार जुलाई में पूर्वी मध्यप्रदेश में 25% तक बारिश कम हुई, जबकि पश्चिमी हिस्से में 10 से 12% ज्यादा बारिश दर्ज की गई थी।

विधानसभा चुनाव की तैयारी जोरो पर

# 66 सीटों के कागजात लेकर कमलनाथ से मिले दिग्विजय, दो घंटे तक बातचीत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मप्र विधानसभा चुनाव के टिकटों को लेकर 2 सितंबर से शुरू हो रही प्रक्रिया के पहले गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मुलाकात की। नाथ से मिलने दिग्विजय उनके निवास पर पहुंचे, जहां दोनों के बीच दो घंटे तक बंद कमरे में चर्चा हुई। दिग्विजय महत्वपूर्ण कागज लेकर पहुंचे थे, जो उनके द्वारा किए गए 66 सीटों के दौरे के थे।

दिग्विजय को उन 66 सीटों की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जहां कांग्रेस पिछले पांच विधानसभा चुनाव से हार रही है। इधर, केंद्रीय



पर्यवेक्षक सुभाष चोपड़ा उन लोगों से मुलाकात कर रहे हैं, जिन्होंने टिकट के लिए आवेदन किए हैं। इसी क्रम में उन्होंने बैरसिया, हुजूर, नरेला, गोविंदपुरा सीट के दावेदारों से मुलाकात कर चर्चा की।

इधर, 2 से 5 सितंबर तक टिकटों को लेकर चलने वाली बैठकों में शामिल होने मप्र के इंचार्ज जनरल सेक्रेटरी रणदीप सिंह सुरजेवाला और स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन भंवर जितेंद्र सिंह भोपाल आ रहे हैं। बैठकों में स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य अजय कुमार लल्लू भी मौजूद रहेंगे।

सुरजेवाला और जितेंद्र सिंह जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारियों, एआईसीसी के चारों ऑब्जर्वर और सचिवों से चर्चा करेंगे। इसके साथ ही प्रदेश चुनाव समिति के सदस्यों से चर्चा होगी, जिसमें जिला प्रभारियों और जिलाध्यक्षों से लिए गए फीडबैक पर राय मांगी जाएगी। इसके बाद विधायकों, पूर्व विधायकों, सांसद, पूर्व सांसद और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मध्यप्रदेश से सदस्यों से चर्चा होगी।

# नए बायपास से 25 किमी घट जाएगी इंदौर-मुंबई की दूरी

## 40.90 किमी लंबा होगा बायपास, 10 लाख की आबादी को फायदा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भोपाल दक्षिण-पश्चिम हिस्से में नया बायपास बनाया जाएगा। गुरुवार को कैबिनेट बैठक में इसे मंजूरी दी गई। करीब 3000 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले भोपाल दक्षिण-पश्चिम बायपास से जबलपुर-नर्मदापुरम से इंदौर-मुंबई जाने वाले वाहनों की दूरी 25 किमी कम होगी। यह मार्ग भोपाल जिले के कोलार, नीलबड़-रातीबड़, रायसेन जिले के मंडीदीप और सीहोर जिले की लगभग 10 लाख आबादी को लाभ देगा।**

यह बायपास 40.90 किमी लंबा होगा। इसमें फोर लेन के साथ सिक्स लेन स्ट्रक्चर और दोनों तरफ दो लेन की सर्विस रोड होगी। इस मार्ग में जंगल का भी हिस्सा है। इसमें एक सिक्स लेन आरओबी, दो फ्लाईओवर, 15 अंडर पास और दो बड़े जंक्शन होंगे। इसके लिए जितने पेड़ कटेंगे, उतने ही दूसरी जगह नियमानुसार रोपे जाएंगे। इसे हाइब्रिड एन्यूटी मोड पर बनाया जाना है।

### सिक्स लेन बायपास

मप्र में कई नए हाईवे, एक्सप्रेस वे बनाए जा रहे हैं। राजधानी भोपाल में भी नई सडकें, बायपास बनाने की तैयारी है, इनमें एक सिक्स लेन बायपास भी शामिल है जोकि राजधानी के दक्षिणी और पश्चिमी इलाके से निकलेगा। इसे कैबिनेट बैठक में प्रस्तुत किया गया जिसे मंजूरी मिल गई है। यह बायपास मंडीदीप से कोलार से होते हुए इंदौर रोड पर निकलेगा। प्रस्तावित बायपास से नर्मदापुरम की ओर से सीधे सीहोर या इंदौर जाया जा सकेगा। इससे इंदौर की दूरी 25 किमी घट जाएगी। इंदौर के साथ ही मुंबई जानेवाले लोगों को भी इस दूरी के घट जाने से लाभ होगा। सडक विकास निगम इस बायपास का निर्माण करेगा।

# लायंस क्लब डिसेन्ट की झोन अधिकारिक यात्रा सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। लायंस क्लब ऑफ इन्दौर डिसेन्ट की झोन चेयरपर्सन झोन-2 ला चेतना लखोटिया द्वारा झोन अधिकारिक यात्रा रॉक साल्ट रेस्टोरेंट,अनूप नगर मे हुई।कार्यक्रम की अध्यक्षता व मंच संचालन ला चपला कुमारा भार्गव ने करा ।फेलोशिप मे सभी सदस्यो ने मेहंदी लगवाई और दोपहर का भोजन पारिवारिक वातावरण मे ला चेतना जी के साथ करा । झोन चेयरपर्सन ने क्लब के प्रशासनिक व सेवा गतिवाधि का लेखा जोखा, फोटोशीट स्क्रेप बुक का अवलोकन करा और प्रशंसा की।डिस्ट्रिक्ट,रीजन व झोन द्वारा दिए गए सभी टास्क पूरे करने की भी सराहना की।झोन चेयरपर्सन की उपस्थिति में स्कूल फीस,बैग और म प्र दृष्टिहीन कल्याण संघ मे प्रज्ञा चक्षु बच्चों को राखी बांधी,बाउल और चम्मच भेंट करे और दो सहायिकाओ को सेवा का सम्मान करते हुए साडियाँ देकर सेवा गतिविधि आयोजित हुई।इस अवसर पर ला चपला कुमारा भार्गव,ला कुसुम उपाध्याय,ला अर्चना सिंह तोमर ,ला कुसुम तिवारी ला सुरजीत राजपाल, ला प्रीति जैन,ला नीता पावड़े ला मीता दत्त,ला डा हेमा ढांढ,ला पुष्पा काला ,ला स्मृति जैन ला अनुराधा शर्मा ला सिम्मी इसाजी उपस्थित थे।

# मध्यप्रदेश मेवाती समाज ने पहली बार अपने समाज का प्रदेश अध्यक्ष चुना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। समाज की तरक्की के लिए मेव बिरादरी ने सामाजिक जागरूकता का आयोजन किया। मध्यप्रदेश के जिला शाजापुर के मक्सी शहर में मेव पंचायत मक्सी और मेवाती पंचान शिक्षा विकास समिति इंदौर की मेजबानी में मध्यप्रदेश मेव बिरादरी का मेव ताआरुफी (परिचय) कांफ्रेंस संपन्न हुई ,जिसमें मध्यप्रदेश से शादी के लायक तकरीबन 150 बच्चे- बच्चियों के बायोडाटा के साथ मैगजीन द मेव बांड - रिश्तों की डोर का विमोचन हुआ। मेव बिरादरी के अध्यक्ष के लिए मध्य प्रदेश के सभी संभागों से आए मेव बिरादरी के लोगों ने सर्वसम्मति से सोनगिरी मंदसौर के होटल सवेरा के संचालक असगर मेव को मध्यप्रदेश मेव बिरादरी का अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाजापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन हुकुमसिंह कराड़ा और तराना विधानसभा क्षेत्र के विधायक महेश परमार ने शिरकत की। प्रदेश अध्यक्ष की दावेदारी के लिए जावरा के मुबीन मेव, बालसमंद के मेहरुद्दीन मेव, भोपाल के मोहम्मद जहीर मेव और सोनगिरि मंदसौर से असगर मेव (सवेरा होटल) के नाम भी आये थे। मेव बिरादरी की आम सहमति से चुनाव समिति के दादा शौकत हुसैन मेव को संयोजक के रूप में चुना गया।

## पुलक मंच परिवार ने उन्मुक्त आश्रम में मनाया रक्षा बंधन

**इंदौर**। पुलक मंच परिवार ने रक्षा बंधन का पर्व कालानी नगर स्थित उन्मुक्त आनंद आश्रम में मनाया। इस मौके पर आश्रम की संचालिका श्रीमती सौम्या जैन विशेष रूप से उपस्थित थी। मंच के सदस्यों ने आश्रम के बच्चों और बुजर्गो को रक्षा सूत्र बांधा और उन्हे मिठाई खिलाई। पूरा माहौल पारिवारिक रहा। मंच के राष्टीय सयोजक प्रदीप बड़जात्या, प्रवीण जैन, रोशन जैन, वैभव परिधि कासलीवाल ने सभी बच्चों के हाल चाल जाने और उनसे संवाद किया। आश्रम ने 20 बच्चे और 10 बुजर्ग रह रहे है और अपना जीवन सवार रहे है।

# शहर के सभी 65 श्वेताम्बर जैन मंदिरों में चलाएंगे शुद्धिकरण अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नवरत्न परिवार एवं जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में मालव भूषण आचार्य नवरत्न सागर सूरीश्वर म.सा. की प्रेरणा एवं आचार्य देवेश विश्वरत्न सागर सूरीश्वर के मार्गदर्शन में रविवार 3 सितम्बर को शहर के 65 श्वेताम्बर जैन समाज के जिनालयों में एक साथ साफ-सफाई एवं शुद्धिकरण का अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही देश के लगभग 2 हजार जिनालयों में भी यह अभियान एक ही दिन एक ही समय पर चलाया जाएगा।

नवरत्न परिवार के संरक्षक एवं जिनालय शुद्धिकण अभियान के मुख्य संयोजक एवं संरक्षक ललित सी. जैन, संरक्षक मनीष सुराणा, राष्ट्रीय सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष एवं प्रभारी प्रीतेश ओस्तवाल एवं मालवा महासंघ के अध्यक्ष दिलसुखराज कटारिया ने बताया कि वर्ष 2011 से जिनालयों के शुद्धिकरण का यह अभियान सारे देश के 2 हजार से अधिक जिनालयों में चलाया जा रहा है। इस वर्ष भी रविवार 3 सितम्बर को सुबह 9 बजे से शहर के 65 श्वेताम्बर जैन मंदिरों के शुद्धिकरण का अभियान चलाया जाएगा, जिसमें समाज के हर आयु वर्ग के बंधु एवं सभी संगठन शामिल होंगे। इंदौर के साथ ही संपूर्ण म.प्र., राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, पंजाब, हिमाचल, उड़ीसा, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, छग आदि राज्यों के 2 हजार से अधिक जिनालयों का शुद्धिकरण भी इसी दिन एक ही समय पर चलाया जाएगा। शहर के सभी जैन श्रीसंघों के प्रमुख भी इस अभियान में भागीदार बनेंगे। अभियान में मंदिरों की सभी प्रतिमाओं, पूजा सामग्री रखने के स्थानों, दीवारों एवं फर्श से लेकर अन्य सभी स्थानों की सफाई के लिए शास्त्र सम्मत साधकों की कीट्स का प्रयोग किया जाएगा।

# लिटरेसी आर्मी सेशन का आयोजन संपन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। रोटरी क्लब ऑफ इंदौर प्रोफेशनल्स के तत्वावधान में लिटरेसी आर्मी सेशन के अंतर्गत शासकीय रजत जयंती हा.से. गर्ल्स स्कूल में योग गुरू डॉ. निशा जोशी के आतिथ्य में योग के माध्यम से 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं को अपने जीवन को बेहतर बनाने के टिप्स दिए गए। क्लब के अध्यक्ष विवेक तांतेड़ एवं सचिव हरप्रीतसिंह ओबेराय ने बताया कि इस अवसर पर प्रिया तांतेड़ ने नेवरलूज होप एवं कीप ट्राइंग सेशन के द्वारा जीवन में कभी भी निराशा का भाव नहीं लाने का आव्हान किया और आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। प्रीति शाह ने 100 छात्राओं को सेनेटरी पेड भेंट किए। मदुरा तांतेड़ ने छात्राओं को रोचक गेम्स के माध्यम से टीम वर्क की महत्ता बताई। इस अवसर पर राधा गुप्ता, सुषमा नंदी, अमिता गुप्ता, मंजू गुप्ता, जान्हवी सोनी, गुंजन डागा सहित क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

## कटाक्ष




# तत्परता, सरलता, स्पष्टता ही अधिकारी की सफलता के प्रमुख गुण : तोमर

## बिजली कंपनी मुख्यालय में दो अधीक्षण यंत्रियों को भावभीनी विदाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **किसी भी अधिकारी, कर्मचारी को कार्य को लेकर तत्परता, सरलता, स्पष्टता ही उसे सफलता दिलाती है। मुझे बिजली कंपनी के कार्यकाल में अधीक्षण यंत्री अमित सक्सैना, अधीक्षण यंत्री सह संयुक्त सचिव डीके पाटीदार का काफी सहयोग मिला। इससे कंपनी प्रशासन, उपभोक्ता सेवाओं, कर्मचारी कल्याण, प्रोजेक्ट आदि के कार्यों को समय पर पूरा किया जा सका।**

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने ये विचार व्यक्त किए। वे गुरुवार की शाम पोलोग्राउंड इंदौर स्थित कंपनी मुख्यालय में श्री सक्सैना एवं श्री पाटीदार की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री तोमर एवं मुख्य महाप्रबंधक रिंकेश कुमार वैश्य ने दोनों ही वरिष्ठ अधिकारियों को प्रतिक चिन्ह भेंटकर दीर्घकालीक सेवाओं के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर निदेशक श्री पुनीत दुबे, कार्यपालक निदेशक श्री संजय मोहासे, गजरा मेहता, वरिष्ठ अधिकारी एसएल करवाड़िया, एसआर सेमिल, एसआर बमनके, रवि मिश्रा, आरके नेगी आदि विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे। संचालन श्रीमती रीना चौधरी ने किया। आभार माना मनोज कौशल ने। बिजली कंपनी की विभिन्न शाखाओं के कार्मिकों ने दोनों ही वरिष्ठ अधिकारियों को भावभीनी विदाई दी। दोनों ही सेवानिवृत्त अधिकारियों के परिजनों ने पैंतीस वर्ष की सेवाओं के दौरान के अनुभवों के बारे में बताया।

# झोपड़ी में पढ़ाई, टॉपर बनी, रोशन किया गांव का नाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। न तो माकूल छत है, न ही दूसरे इंतजाम... लेकिन ये सब अड़चनें उस बहादुर लड़की को नहीं रोक सकी हैं, जिसे कल मध्यप्रदेश सरकार की तरफ से स्कूटी और लैपटॉप तोहफे में मिला है।

सांवेर तहसील के गांव ढाबली की पायल नायक ने साइंस स्ट्रीम में टॉप किया है। 500 में से 454 अंक लाई । 90 फीसद से ज्यादा अंक मिले हैं। फिजिक्स, कैमेस्ट्री, बायो सहित सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल की। ढाबली की पायल बारहवीं का नतीजा तो कुछ महीनों पहले आया था, लेकिन अब सरकार ने नवाजा है, तो हर तरफ तारीफ हो रही है। पिता मजदूर हैं। घर की तस्वीरें भी आम हुई हैं। झोपड़ी में रहते हैं। पायल ने बताया कि गांव के सरपंच सहित सभी ने मदद का वादा किया है। नीट की तैयारी कर रही हूं। मई में परीक्षा होना है। सबका साथ मिल गया है, तो रास्ता आसान हो जाएगा। ढाबली के सरपंच यादव परिवार ने बधाई देकर आगे साथ देने का वादा भी किया है।

# 533 ठोस अंग प्रत्यारोपण उपलब्धि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। अपोलो हॉस्पिटल्स, नवी मुंबई को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि उसने 533 ठोस अंग प्रत्यारोपण पूरे करके एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि अपोलो हॉस्पिटल्स, नवी मुंबई में अपोलो इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसप्लांट के सबसे बड़े और सबसे व्यापक कार्यक्रमों में से एक अत्याधुनिक बहु-अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम के कारण हासिल हुई है। 2017 में शुरूआत करते हुए अपोलो हॉस्पिटल्स, नवी मुंबई ने 327 किडनी प्रत्यारोपण, 198 लीवर प्रत्यारोपण और 8 हृदय प्रत्यारोपण किए हैं।

अपोलो हॉस्पिटल्स, वेस्टर्न रीजन के लिवर और एचपीबी प्रोग्राम लीड कंसल्टेंट, डॉ. प्रोफेसर डेरियस मिर्ज़ा ने इस उपलब्धि पर बेहद गर्व और संतुष्टि व्यक्त की, अंग प्रत्यारोपण टर्मिनल अंग विफलताओं से प्रभावित रोगियों के लिए जीवन-रक्षक हैं, जिससे प्राप्तकर्ता के जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार होता है। अपोलो में, लिवर प्रत्यारोपण विभाग हमेशा उत्कृष्टता के लिए प्रयासरत रहा है। हमारे क्षेत्र में, लगभग 200 लीवर प्रत्यारोपणों के साथ, हम लीवर की बीमारियों से निपटने में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहे हैं और रोगियों को एक स्वस्थ और अधिक पूर्ण जीवन जीने का मौका दे रहे हैं। अपोलो के ठोस अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम में हृदय, फेफड़े, किडनी और लीवर प्रत्यारोपण शामिल हैं, इसमें किडनी प्रत्यारोपण के लिए 99.9% और लीवर प्रत्यारोपण के लिए 94% की सफलता दर प्रदान करने वाली विशेष अंग प्रत्यारोपण टीमें हैं, जो एकीकृत दृष्टिकोण के साथ हमारे रोगियों को व्यक्तिगत, व्यापक देखभाल प्रदान करने के लिए अथक प्रयास करती हैं।

## दिशा की बैठक आज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक एक सितम्बर को दोपहर 12 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में रखी गई है। बैठक की अध्यक्षता सांसद श्री शंकर लालवानी करेंगे। बैठक में विकास संबंधी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिये जायेंगे। बैठक में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में क्रियान्वित प्रधानमंत्री आवास योजना समेकित बाल विकास योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृत्व योजना एवं लाड़ली लक्ष्मी तथा लाड़ली बहना योजना की समीक्षा, खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम, उचित मूल्य दुकानों का क्रियान्वयन, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सहित अन्य योजना और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की जायेगी।

# सिंधी समाज की महिलाएं मनाएंगी टीजड़ी पर्व

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **टीजड़ी मूलतः महिलाओं द्वारा अपने सुहाग की रक्षा हेतु दिन भर वृत रखने का त्यौहार है, जो रात्रि के तिसरे प्रहर से रात्रि में चांद को अर्ग (जलार्पण) कर खोलने की परंपरा है । इस दिन स्वजनों के लिए भोजन आदि बनाने के बाद महिलाओं का समय काटना मुश्किल होता है, ऐसे में मेलमिलाप और मनोरंजन की व्यवस्था अनेक महिला संगठनों द्वारा शहर में सामूहिक टीजड़ी पूजन के कार्यक्रम किये जाते है ।**

सिंधी समाज की महिलाओं का टीजड़ी पर्व दिनांक 2 सितंबर शनिवार को इंदौर शहर में मनाने के लिए इंदौर सिंधी समाज के अनेक महिला संगठनो ने कई सिंधी बाहुल्य इलाको में मनाने की तैयारियां प्रारम्भ हो चुकी है । भारतीय सिंधू सभा, इंदौर महिला शाखा की सरिता मंगवानी, चाँदनी फुँदवानी एवं धम्माल मस्ती कार्यक्रम की संयोजक रश्मि छाबड़ा ने बताया कि सिंधी समाज की महिलाओं के पर्व ह्लटीजड़ीह्व में समाज की अविवाहित महिलाएं अच्छे जीवनसाथी और विवाहित महिलाएं अपने जीवनसाथी की लंबी उम्र के लिए पूरे दिन का निर्जल उपवास रखती है । आयोजन समिति कि चांदनी फुँदवानी ने बताया कि इस पर्व पर शाम को महिलाएं नए वस्त्र-गहने पहनकर तैयार होती है और पूजा की थाली सजाकर टीजड़ी माता के सामूहिक पूजन में सम्मलित होती है जिसमे पंडिताईन श्रीमती विशाखा सतीश शर्मा द्वारा शाम 6 बजे टीजड़ी माता का पूजन करवाया जाएगा और उसके बाद रात्रि में चाँद दिखने पर चाँद को अर्ग (दूध,चावल,शक्कर) देकर और अपने जीवनसाथी को देखकर समाज की महिलाएं अपना व्रत तोड़ेगी ।



# महिला को घसीटा-पीटा, चेहरे पर लात मारी

## दूध के पैसों को लेकर की बदसलूकी, सागर पुलिस ने निकाला तीनों आरोपियों का जुलूस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर। सागर में महिला के साथ मारपीट के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गुरुवार को गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपियों का जुलूस निकालते हुए कोर्ट ले गई। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मारपीट की घटना बीती १२ अगस्त की रात की है। इसका वीडियो बुधवार शाम को सामने आया। महिला छतरपुर जिले के बड़ामलहरा की रहने वाली है। जिस वक्त आरोपी उसके साथ मारपीट कर रहे थे, उसका ५ महीने का बच्चा जमीन पर लेटा हुआ था।**

बताया गया है कि पीड़िता १२ अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बस से सागर आई थी। उसके बच्चे को कुछ परेशानी है। वह अपनी बात सरकार तक पहुंचाना चाहती थी। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई है। फिलहाल, पुलिस का कहना है कि महिला के बारे में और जानकारी जुटाई जा रही है।

### महिला हाथ जोड़कर कह रही थी- मुझे मेरे परिवार से मिला दो

वीडियो सागर के बस स्टैंड स्थित पाठक कैंटीन के बाहर का है। इसमें दिख रहा है कि एक आरोपी महिला को हाथ से पकड़कर घसीट रहा है। दूसरा उसे डंडे से पीट रहा है जबकि तीसरा शख्स उसे थप्पड़ मार रहा है। मौके पर मौजूद लोग इन लोगों को मारपीट करने से मना कर रहे हैं। इसी बीच तीसरा शख्स उसके चेहरे पर लात मार देता है।

महिला लोगों से हाथ जोड़कर गुहार लगाते हुए कह रही है, ह्यमुझे मेरे परिवार से मिला दोङ्ग।ह्न वीडियो में कुछ लोग यह कहते हुए भी सुनाई दे रहे हैं कि इसे मत मारो।

### दुकान से जाने के लिए कहा, नहीं मानी तो बुरी तरह पीटा

एडिशनल एसपी लोकेश सिंह ने बताया कि बुधवार दोपहर बाद श्कऊएड सामने आया था। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक महिला कैंटीन पर दूध लेने के लिए गई थी। वहां पैसों को लेकर उसका विवाद हुआ। कैंटीन के कर्मचारियों ने उसे वहां से जाने के लिए कहा। वह नहीं मानी तो उसके साथ मारपीट की गई।

सिन्हा ने कहा, ॣयवायरल वीडियो पर गोपालगंज थाना पुलिस ने स्वतः संज्ञान लिया। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनकी पहचान प्रवीण उर्फ नंदलाल रैकवार (26) निवासी तिलकगंज वार्ड, सागर, विक्की (20) पुत्र संतोष यादव निवासी भैंसा, सागर और राकेश (40) पुत्र भगवानदास प्रजापति निवासी इतवारी टोरी, सागर के रूप में की गई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# भाजपा पदाधिकारी को कार्यकर्ताओं ने चप्पल से पीटा

## उज्जैन में शिकायत करने से नाराज थे आरोपी, करणी सेना से भी जुड़े हैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन के महिदपुर में बीजेपी के मंडल उपाध्यक्ष को पार्टी के ही कार्यकतार्ओं ने चप्पल और प्लास्टिक पाइप से पीटा। घटना बुधवार शाम की है। बस स्टैंड के पास की गई इस मारपीट का वीडियो अब सामने आया है। आरोपी कार्यकर्ता उनकी शिकायत किए जाने से नाराज हैं। दोनों करणी सेना से भी जुड़े हुए हैं।**

कानाखेड़ी गांव के भाजपा कार्यकर्ता जितेंद्र सिंह और उसका साथी जीवन सिंह महिदपुर में जिला कार्य समिति सदस्य और मंडल उपाध्यक्ष पल्लव पोरवाल से बात करने आए थे। यहां दोनों पक्षों में बहस हुई। इसके बाद दोनों कार्यकतार्ओं ने पल्लव को पीटना शुरू कर दिया। ३७ सेकंड के वीडियो में जितेंद्र और जीवन, चप्पल और पाइप से पिटाई करते नजर आ रहे हैं। विवाद के बीच दोनों शिकायत किए जाने का जिक्र भी कर रहे हैं। पल्लव ने थाना महिदपुर में दोनों के खिलाफ केस कराया है।

### भाजपा पदाधिकारी पर लगाया कमीशन मांगने का आरोप

जितेंद्र जेसीबी संचालित करता है। उसका आरोप है कि आए दिन पल्लव शिकायत कर पैसों की डिमांड करता है। महिदपुर में बस स्टैंड का निर्माण हो रहा है। इसके काम में खउइ लगाने के बदले पल्लव कमीशन मांग रहा है। यह पर्सनल मामला है, कोई राजनीतिक विवाद नहीं है।

### आरोपी जितेंद्र लोगों को ब्लैकमेल करता है

पल्लव पोरवाल ने बताया कि कानखेड़ी के रहने वाले जितेंद्र और जीवन बुधवार शाम 6 बजे आए थे और मारपीट करने लगे। ये करणी सेना से जुड़े हुए हैं। जितेंद्र सिंह लोगों को महिला के साथ मिलकर ब्लैकमेल करता है। उसके खिलाफ जन मोर्चा के जरिए शिकायत की। प्रदर्शन भी किया था। इन्हीं शिकायतों को लेकर दोनों ने मारपीट की।

# बिजली का नंगा तार लपेटकर सुसाइड!

## नलकूप का वायर हाथ में लपेटा, पलंग पर लेटकर किया लाइट आने का इंतजार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर**। जबलपुर में युवा किसान ने खुद को करंट लगाकर आत्महत्या कर ली। किसान ने पहले तो नलकूप में लगे बिजली के तार को काटा, उसका ऊपरी प्लास्टिक का हिस्सा अलग किया, इसके बाद बिजली का नंगा तार हाथ में लपेटकर लाइट आने का इंतजार किया। लाइट आते ही उसकी जान चली गई। किसान का शव खेत पर बने नलकूप के कमरे में पलंग पर मिला।

मामला पाटन थाना के ग्राम चपोग में बुधवार का है। किसान प्रमोद नामदेव (35) सुबह 11 बजे घर पर खेत जाने का कहकर निकला था। वह काफी देर तक नहीं लौटकर आया तो उसके पिता खेत गए। वहां वह पलंग पर मृत अवस्था में मिला। प्रमोद के दो बच्चे हैं। रक्षाबंधन पर पत्नी दोनों बच्चों के साथ मायके गई थी। घर पर बुजुर्ग पिता राम चरण नामदेव अकेले थे। गांव के बाहर ही प्रमोद का खेत है।

पुलिस मौके पर पहुंची और प्रमोद को पाटन स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को आशंका है कि संभवतः जिस समय गांव में लाइट नहीं थी, उसी समय प्रमोद ने पहले तो नलकूप की बिजली का तार काटा और फिर उसका ऊपरी प्लास्टिक का हिस्सा प्लास से अलग किया। पाटन पुलिस के मुताबिक, मौके से किसी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन से पूछताछ की जा रही है। शुरूआती जांच में आत्महत्या का मामला लग रहा है।

# बारदान व्यापारी पर हमला कर 2 लाख रुपए लूटे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। शहर के एक व्यापारी के साथ लूट का मामला सामने आया है। घटना गुरूवार दोपहर की बताई जा रही है। मक्सी रोड़ पर एक बारदान व्यापारी पर बदमाशों ने हमला कर २ लाख रुपए लूटे और उनका दुपहिया वाहन भी ले गए। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामला जांच में लिया है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार पंवासा थाना क्षेत्र में गुरूवार को दोपहर बाद एक बारदान व्यापारी को बदमाशो ने अपना निशाना बनाया। व्यापारी लियाकत हुसैन निवासी हम्मलवाड़ी अपने जुपिटर वाहन से विजयागंज मंडी से पेमेंट लेकर लौट रहे थे। इसी दौरान मोटरसायकल से पीछा कर रहे दो बदमाशों ने पिंग्लेश्वर के समीप हमला कर करीब २ लाख रुपए भरा बेग लूट लिया। हमले के बाद व्यापारी जमीन पर गिरे तो बदमाश उनका वाहन भी साथ ले गए। व्यापारी को अस्पताल ले जाया गया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी की मदद से बदमाशों की तलाश में लग गई। इधर जानकारी मिलने के बाद परिजन और समाजजन भी अस्पताल पहुंचे और व्यापारी के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की।

# नदी में मछली पकड़ने गए दो लोग डूबे : मौत

## ◆होमगार्ड ने दोनों शवों को बाहर निकाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**विदिशा**। विदिशा में दो लोग बेतवा नदी में डूब गए, दोनों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार, किलेंदर के रहने वाले ४५ वर्षीय राकेश मालवीय और ढलकपूरा के रहने वाली ४० वर्षीय शरीफ खान बुधवार शाम को मछली पकड़ने के लिए हेमामालिनी डैम के बाधा घाट पर गए हुए थे। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गए। देर रात तक घर नहीं पहुंचे तो दोनो के परिजनों ने रात करीब 11 बजे थाने में मामला दर्ज कराया। सुबह से होम गार्ड की टीम बेतवा नदी पहुंची और घटनास्थल पर दोनों को ढूंढने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। गुरुवार सुबह 7.45 बजे शरीफ खान और 9 बजे राकेश मालवीय का शव होमगार्ड टीम ने बाहर निकाल लिया। फिलहाल दोनो के शवों को जिला चिकित्सालय पोस्टमॉर्टम के लिए भेज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

**चार लोग गए थे मछली पकड़ने-** जानकारी के मुताबिक चार लोग मछली पकड़ने के लिए हेमा मालिनी डैम के बांदा घाट पर गए हुए थे। इसी दौरान वहां हादसा हो गया और दो लोग पानी में डूब गए। साथ में गए दो लोग डर के मारे भाग गए उन्होंने किसी को कुछ नहीं बताया, घाट पर मौजूद लोगों में से किसी ने डूबने की बात बताई थी। लेकिन पुष्टि नहीं होने के कारण बुधवार को पुलिस को जानकारी नहीं मिल पाई थी। जब दोनों व्यक्ति घर नहीं पहुंचे तब परिजनों ने उनकी काफी तलाश की और देर रात में पुलिस में मामला दर्ज कराया।



## संपादकीय

# कानून का कोई खौफ नहीं

अपराधियों में कानून का भय तब पैदा होता है, जब साजिशों को अंजाम देने से पहले ही पुलिस का हाथ उनकी गर्दन पर पहुंच जाता है। मगर अत्याधुनिक सूचना तकनीक से लैस होने का दावा करने वाली दिल्ली पुलिस और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की पुलिस तो घटना के कई दिन बाद तक अपराधियों की तलाश में भटकती देखी जाती है। मंगलवार को जिस तरह मामूली कहा-सुनी में चार बदमाशों ने दो लोगों को गोली मार दी, बुधवार को गाजियाबाद के अदालत परिसर में एक वकील को उसके कमरे में घुस कर दो लोगों ने गोली मार दी, उससे एक बार फिर यही रेखांकित हुआ है कि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बदमाशों को कानून-व्यवस्था का कोई खौफ नहीं रह गया है। पिछले कुछ सालों में ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ी हैं, जिनमें अपराधी दिन-दहाड़े वारदात को अंजाम देते और फिर बिना किसी भय के निकल भागते हैं। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर किए गए तमाम इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं। दिल्ली के भजनपुरा में जिन दो लोगों को गोली मार दी गई, उसमें अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद हुए खुलासे और चिंता पैदा करते हैं। उसमें गोली चलाने वाले चारों लडक़े अठारह साल के आसपास की उम्र के हैं। पुलिस का कहना है कि घटना एक संकरी गली में दोनों तरफ से आ रहे स्कूटरों के आमने-सामने आ जाने पर कहासुनी होने के बाद घटी थी। जिन लडक़ों ने गोली चलाई, दरअसल उनका एक संगठित गिरोह है। उस गिरोह के सरगना की उम्र अभी अठारह साल है और उनके साथ एक इससे कम उम्र का लडक़ा भी था। ये लडक़े इस कदर बेखौफ हैं कि उसके सरगना ने अपने इंस्टाग्राम पर दोनों हाथों में पिस्तौल लेकर तस्वीर साझा की है। कई तस्वीरों में वह पिस्तौल चलाता देखा जा रहा है। एक तरह से वह सिर पर कफन बांध कर अपराध की दुनिया में उतरा है। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी चार मामलों में वह आरोपी है। पुलिस के अनुसार बदमाशों का यह इस तरह का अकेला गिरोह नहीं है। ऐसे कई गिरोह दिल्ली में सक्रिय हैं, जिनमें अठारह साल और इससे कम उम्र के लडक़े शामिल हैं। हैरानी की बात है कि जो अपराधी सोशल मीडिया पर पिस्तौल के साथ तस्वीरें साझा करते हैं, ऐलानिया अपराध की बात कबूल करते हैं, उन पर भी पुलिस का शिकंजा कैसे नहीं कस पाता। समझना मुश्किल नहीं है कि पुलिस की इसी शिथिलता की वजह से ऐसे बदमाशों का मनोबल बढ़ता गया है।

**अर्ज़ किया है..!**

*जो दिल को है ख़बर*
*कहीं मिलती नहीं ख़बर*
*हर सुब्ह इक अज़ाब है*
*अख़बार देखना*

*-उबैदुल्लाह अलीम*




सत्य-प्रेम-करुणा...

*जिस वस्तु को आप कुबूल करो वो कष्टदायक कभी नहीं हो सकती... वो कभी दुख नहीं देगी... जिस वस्तु को स्वीकार कर लो वो सुख में परिणित हो जाती है... वह घटना हमें विक्षिप्त नहीं करेगी... आनंद देगी...*

*।। राम कथा ।। मानस मृत्यु ।।*

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## महिला जगत

# जया वर्मा सिन्हा होंगी रेलवे बोर्ड की पहली महिला सीईओ और अध्यक्ष

मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ के रूप में जया वर्मा सिन्हा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। सिन्हा नए अध्यक्ष और सीईओ (रेलवे बोर्ड) के रूप में अनिल कुमार लाहोटी की जगह लेंगी और 1 सितंबर, 2023 को पदभार ग्रहण करेंगी। वह रेलवे बोर्ड की पहली महिला अध्यक्ष भी हैं। विजयलक्ष्मी विश्वनाथन रेलवे बोर्ड की पहली महिला सदस्य थीं।



### ◆ 1988 बैच के रेलवे यातायात सेवा की अधिकारी हैं सिन्हा

1988 बैच की भारतीय रेलवे यातायात सेवा की अधिकारी, सिन्हा वर्तमान में रेलवे बोर्ड के सदस्य (संचालन और व्यवसाय विकास) के रूप में काम कर रही हैं। वह ऐसे समय में बोर्ड का प्रभार संभालेंगी जब भारतीय रेलवे को केंद्र सरकार से रिकॉर्ड बजटीय आवंटन प्राप्त हुआ है।

### ◆ 2023-24 में रेलवे को 2.74 लाख करोड़ रुपये का हुआ है आवंटन

केंद्रीय बजट 2023-24 में भारतीय रेलवे को 2.74 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत परिव्यय आवंटित किया गया है। यह राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर को किया गया अब तक का सबसे अधिक आवंटन है। वित्त वर्ष 2022-23 में रेलवे के लिए 1.37 लाख करोड़ रुपये का सकल बजटीय आवंटन किया गया था।

### ◆ बालासोर हादसे के दौरान जनता और सरकार के बीच सेतु थीं जया

रेलवे बोर्ड की पहली महिला मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और अध्यक्ष के पद पर नियुक्त की गईं जया वर्मा सिन्हा ने हाल ही में हुए बालासोर हादसे के दौरान रेलवे की ओर से बतौर सदस्य (संचालन और व्यवसाय विकास) मीडिया से बातचीत में अहम भूमिका निभाई थी और जटिल सिग्नल प्रणाली के बारे में विस्तार से समझाया था। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पढ़ीं जया ने चार वर्षों तक बांग्लादेश के ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग में रेलवे सलाहकार के रूप में भी काम किया। बांग्लादेश में उनके कार्यकाल के दौरान कोलकाता से ढाका तक मैत्री एक्सप्रेस का उद्घाटन किया गया था। उन्होंने पूर्वी रेलवे, सियालदह डिवीजन के मंडल रेल प्रबंधक के रूप में भी काम किया।

### ◆ संगम नगरी की हैं रेलवे बोर्ड की पहली महिला अध्यक्ष जया वर्मा

जया वर्मा सिन्हा का संगम नगरी से गहरा रिश्ता रहा। प्रयागराज में ही उनका जन्म हुआ। स्कूली शिक्षा से लेकर स्नातक एवं परास्नातक भी उन्होंने प्रयागराज से ही किया। उनके पिता वीबी वर्मा सीएजी ऑफिस में क्लास वन अफसर रहे। इसी तरह उनके बड़े भाई जयदीप वर्मा भी यूपी रोडवेज में क्लास वन अफसर रहे। सेवानिवृत्त होने के बाद फिलहाल वह लखनऊ में ही अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। प्रयागराज में जन्मी जया का पैतृक निवास अल्लापुर स्थित बाघम्बरी हाउसिंग स्कीम में है। बचपन से ही मेधावी रही जया की स्कूली शिक्षा सेंट मेरी कान्वेंट इंटर कालेज से हुई। उसके बाद उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीएससी (पीसीएम) की। उन्होंने परास्नातक की पढ़ाई भी इलाहाबाद विश्वविद्यालय से ही की। यहां से उन्होंने मनोविज्ञान से परास्नातक किया।

### ◆ कानपुर सेंट्रल से की थी नौकरी की शुरुआत

जया वर्मा ट्रेनिंग के बाद 1990 में कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक (एसीएम) बनीं। खास बात यह रही कि डेढ़ साल के उनके कार्यकाल के दौरान कभी कर्मचारियों को आंदोलन नहीं करना पड़ा। उस समय सेंट्रल पर चीफ ऑपरेटिंग सुपरवाइजर (सीओएस) रहे जेबी सिंह यूनियन नेता भी थे। वे बताते हैं कि जया वर्मा हर कर्मचारी की समस्याएं सुनती थीं। यथा संभव उनका समाधान भी कराती थीं। इस वजह से उन लोगों को कभी आंदोलन करने की जरूरत ही नहीं पड़ी।

## Highlights

1. Dalit widow beaten up by a group of men for seeking return of ₹2,000 in Maharashtra
2. Ist largest India-made nuclear power plant unit runs at full capacity
3. Which 4 nations have rejected China's new map after India?
4. Recorded phone conversation admissible as evidence even if obtained illegally: HC
5. Sick leopard who was chased by villagers in MP has forgotten its identity

# Jet Airways' new promoter Jalan Kalrock Consortium pumps in ₹100 crore for reviving grounded airline

**MUMBAI, (Agency).** Jalan Kalrock Consortium, the new promoters of Jet Airways, said on Thursday it had deposited ₹100 crore in a move to revive the cash-strapped airline.

The consortium which had emerged as the winning bidder for the airline under the insolvency resolution process, deposited the amount just two days after the National Company Law Appellate Tribunal (NCLAT) allowing the implementation of revival plans.

"With this infusion, the JKC has now invested ₹250 crore in Jet Airways and now is only required to fund the remaining ₹100 crores in Jet Airways by September 30, 2023 to take control of the iconic airline", the consortium said in a statement.

"We thank all our stakeholders for their continued support. We are confident that this progress will lead to a successful resurgence of Jet Airways and we look forward to bringing the JOY back to our guests", the consortium's statement added.



Jet Airways stopped flying in April 2019, and later the consortium emerged as the winning bidder under the insolvency resolution process. On July 31, the JKC had announced that the Directorate General of Civil Aviation (DGCA) had renewed the airline's air operator certificate.

The Air Operator Certificate (AOC) was reissued on May 20, 2022. However, since the airline did not start operations, AOC expired on May 19, 2023.

In a statement, the Jalan-Kalrock Consortium (JKC) said it has "successfully obtained renewal for AOC of Jet Airways from the Directorate General of Civil Aviation (DGCA) on July 28, 2023".

The renewal of AOC revalidates the confidence of the Indian aviation regulator in the revival of Jet Airways, PTI quoted the JKC statement.

JKC emerged as the winning bidder for the grounded Jet Airways after an insolvency resolution process. However, the ownership transfer to JKC is yet to happen amid persisting differences between JKC and the lenders of the airline.

# Jio Financial to be excluded from BSE Indices from Sep 1

**NEW DEIHI, (Agency).** Jio Financial Services Ltd, the demerged non-banking financial services unit of Mukesh Ambani-led Reliance group, will be dropped from all the S&P BSE Indices, including Sensex, on September 1, the stock exchange BSE said on Thursday.

Earlier, the stock was slated to be removed from the indices on August 24. Later, it was postponed to August 29. The exclusion of the stock was postponed as it continued to hit the lower circuit.

Shares of Jio Financial Services Ltd (JFSL) got listed on the stock exchanges on August 21 due to its spin-off from parent Reliance Industries.

"...effective prior to the opening of trading on Friday, September 1, 2023, Jio Financial Services Ltd will be removed from all the S&P BSE Indices," BSE said in a circular.




Asia Index, a joint venture between BSE and S&P Dow Jones Indices, noted that JFSL has not hit the lower circuit on August 29 and August 30. If JFSL had hit the lower circuit on the third day, August 31, the removal of JFSL from all the S&P BSE Indices would have been postponed.

Shares of Jio Financial rose 5 per cent to touch their upper circuit limit on the stock exchanges on Thursday.

"In order to provide certainty to clients, the Index Committee has determined that a 2 pm IST cut-off time will be applied for the lower circuit limit assessment. If JFSL does not hit the lower circuit before the cut-off time, the company will be dropped from all the S&P BSE Indices effective prior to the opening of trading on Friday, September 1," the circular noted.

During the Annual General Meeting (AGM) on Monday, Reliance Industries Chairman Mukesh Ambani announced that Jio Financial Services will enter the insurance segment to offer life, general and health insurance products.

New Delhi

# बड़ा फैसला: एक देश, एक चुनाव को लेकर कमेटी गठित, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद होंगे अध्यक्ष

**नई दिल्ली, (एजेंसी) एक देश, एक चुनाव की दिशा में सरकार ने पहला कदम उठा दिया है। दरअसल सरकार ने इसकी संभावनाओं पर विचार के लिए एक कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी का अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को बनाया गया है। कमेटी के सदस्यों पर थोड़ी देर में नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। हालांकि विपक्षी पार्टियों ने सरकार के इस कदम पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस ने सवाल किया है कि अभी इसकी क्या जरूरत है? पहले महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों का निवारण होना चाहिए।**

बता दें कि चुनाव कराने की वित्तीय लागत, बार-बार प्रशासनिक स्थिरता, सुरक्षा बलों की तैनाती में होने वाली परेशानी और राजनीतिक दलों की वित्तीय लागत को देखते हुए मौजूदा



सरकार एक देश, एक चुनाव की योजना पर विचार कर रही है। इसके तहत सरकार लोकसभा और सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ कराना चाहती है। साल 1951-52 में लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। इसके बाद 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए, लेकिन बाद में 1968, 1969 में कुछ विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने और 1970 में लोकसभा को समय से पहले भंग होने से यह साथ चुनाव कराने का चक्र बाधित हो गया। यही वजह है कि अब स्थिति ये हो गई है कि हर साल कहीं ना कहीं चुनाव हो रहे होते हैं। ऐसे में सरकार फिर से लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की संभावनाओं पर विचार कर रही है। अब इस दिशा में कमेटी का गठन एक बड़ा कदम है।

Uttarpradesh

## केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के घर में युवक की गोली मारकर हत्या, बेटे का दोस्त था

**लखनऊ, (एजेंसी)** केंद्रीय राज्य मंत्री और उत्तर प्रदेश की मोहनलाल गंज सीट से सांसद कौशल किशोर के लखनऊ स्थित घर पर युवक की हत्या कर दी गई. मृतक युवक की पहचान विनय श्रीवास्तव के तौर पर हुई. विनय कौशल किशोर के विकास किशोर बेटे का दोस्त था और उन्हीं के साथ रहता था. पुलिस ने मौके से सरकारी लाइसेंसी पिस्टल बरामद की है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर छानबीन शुरू कर दी है.

बताया जा रहा है कि ये वारदात केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के बेगरिया गांव में स्थित आवास पर हुई. यहां विनय श्रीवास्तव की पिस्टल से गोली मारकर हत्या कर दी गई. मौके पर पश्चिमी डीसीपी राहुल राज, ADCP चिरंजीव नाथ सिन्हा समेत भारी पुलिसबल पहुंच गया है. पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है. परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है.

पुलिस ने बताया, विनय श्रीवास्तव की गोली लगने से मौत हुई है. सिर पर भी चोट का निशान है. रात में 6 लोग आए थे. खाना-पीना खाया. इसके बाद गोली लगने से मौत हो गई. पिस्टल विकास किशोर की बताई जा रही है. मामले की जांच की जा रही है. फॉरेंसिक टीम जांच कर रही है. इसके अलावा सीसीटीवी लगे हैं. इनकी फुटेज की भी जांच की जा रही है.

Bihar

## बीए परीक्षा दे रहे छात्र की अचानक मौत, कॉलेज से सड़क तक जमकर बवाल; गाड़ियों में तोड़फोड़

**समस्तीपुर, (एजेंसी)** बिहार के समस्तीपुर में एक कॉलेज में बीए पार्ट-1 की परीक्षा देने पहुंचे छात्र की अचानक मौत हो गई। संत कबीर डिग्री कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देते हुए छात्र अमित कुमार की तबीयत बिगड़ी और उसकी सांसें थम गईं। अमित बीआरबी कॉलेज का छात्र था और पहली पाली में राजभाषा की परीक्षा दे रहा था। उसकी मौत की सूचना से आक्रोशित छात्रों ने कॉलेज में हंगामा करने के साथ तोड़फोड़ की। इस कारण कॉलेज में दोनों पालियों की परीक्षा नहीं हो सकी। इसके बाद सड़क पर शव रखकर लोगों ने प्रदर्शन किया और वाहनों में जमकर तोड़फोड़ की गई। बवाल की वजह से विश्वविद्यालय प्रशासन ने केंद्र पर पहली पाली की परीक्षा रद्द तो दूसरी की स्थगित कर दी। हंगामे की सूचना पर पहुंचे सदर डीएसपी संजय कुमार पांडेय एवं सदर एसडीओ दिलीप कुमार ने छात्रों को समझाकर शांत कराया।

New Delhi

## इलाज के बहाने लड़कियों के उतरवा लेता कपड़े, फिर शुरू होता गंदा खेल; नोएडा के साइकोलॉजिस्ट की काली करतूत आई सामने

**नोएडा (एजेंसी)** नोएडा सेक्टर-30 में रहने वाले कथित यौन शोषण के आरोपी डॉक्टर साइकोलॉजिस्ट जीबी सिंह ने अपने मोबाइल और लैपटॉप से कुछ किशोरियों के अश्लील वीडियो और चैट पुलिस के पहुंचने से पहले ही डिलीट कर दिए। डॉक्टर को इस बात की पहले ही भनक लगाई थी कि पुलिस उसे गिरफ्तार कर सकती है। पुलिस को उसके पास कुछ ही किशोरियों के अश्लील वीडियो और चैट मिले हैं।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपी साइकोलॉजिस्ट ने कुछ साल पहले सेक्टर-18 स्थित मॉल में अपना क्लीनिक खोला था। जहां वह मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों को तनाव और मानसिक समस्या से जुड़ी बीमारियों को लेकर सलाह देता था। इसके साथ ही उनकी काउंसिलिंग भी करता था। उसने कुछ महीने अपने क्लीनिक को बंद दिया और घर से ही मरीजों को सलाह देना शुरू कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी किशोरियों से काउंसिलिंग के दौरान काफी देर तक बात करता था। इसके बाद उनको इलाज करने की बात कहकर उनसे कपड़े उतारने के लिए कहता था। इसी दौरान आरोपी स्क्रीन रिकॉर्डिंग के जरिए उनका वीडियो बना लेता था।

खेल

## पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले ईशान के क्रम को लेकर दुविधा, पांचवें स्थान पर कभी नहीं की बल्लेबाजी

**पल्लेकल, (एजेंसी)** केएल राहुल की अनुपस्थिति में ईशान किशन एशिया कप में विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ दो सितंबर को होने वाले भारत के पहले मैच से पूर्व इस बाएं हाथ के बल्लेबाज के बल्लेबाजी क्रम को लेकर असमंजस बरकरार है। राहुल एशिया कप के पहले दो मैचों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे और ऐसे में किशन को सलामी बल्लेबाज के तौर पर भी उतारा जा सकता है। वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की पिछली वनडे सीरीज में उन्होंने शुभमन गिल के साथ पारी का आगाज किया था और अपना अच्छा प्रभाव छोड़ा था। किशन ने उस सीरीज के तीन मैचों में 61.33 की औसत से 184 रन बनाए थे। उन्होंने 52, 55 और 77 रन की अर्धशतकीय पारियां खेली थी।

वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में रोहित शर्मा को विश्राम दिया गया था। अब जबकि रोहित की वापसी हो गई है तो



उनका सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरना तय है और ऐसे में भारतीय टीम मैनेजमेंट को किशन के बल्लेबाजी क्रम को लेकर विचार करना पड़ रहा है। किशन ने पारी का आगाज करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने पिछले साल बांग्लादेश के खिलाफ सलामी बल्लेबाज के रूप में ही दोहरा शतक जड़ा था। परेशानी की बात तो यह है कि श्रेयस अय्यर का चौथे स्थान पर खेलना तय है। ऐसे में सिर्फ पांचवां स्थान खाली है। उस स्थान पर ईशान ने वनडे में अब तक बल्लेबाजी नहीं की है। ऐसे में एक नए क्रम पर बल्लेबाजी करना उनके लिए परेशानी बन सकता है। यह देखना दिलचस्प होगा कि पाकिस्तान जैसे अहम मैच में टीम मैनेजमेंट क्या प्रयोग करता है। भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि किशन को सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरना चाहिए क्योंकि वह अपनी बेफिक्र बल्लेबाजी से भारत को शुरू में मजबूत स्थिति में पहुंचा सकते हैं। अगर किशन पारी की शुरुआत करते हैं तो फिर गिल को तीसरे और विराट कोहली को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरना होगा। इसका मतलब यह होगा कि चोट से उबर कर वापसी करने वाले श्रेयस अय्यर पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। ऐसे में हार्दिक पांड्या छठे नंबर पर उतरेंगे और टीम में सूर्यकुमार यादव के लिए कोई जगह नहीं होगी। सूर्यकुमार अभी तक वनडे में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन उनके कौशल को देखकर उन्हें टीम में रखा गया है। अगर टीम मैनेजमेंट उन्हें प्लेइंग-11 में रखना चाहेगा तो फिर श्रेयस को मैदान पर वापसी करने के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। भारत इसके अलावा एक अन्य विकल्प पर काम कर सकता है। वह किशन को तीसरे नंबर पर उतार सकता है जिसके बाद कोहली चौथे और अय्यर पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे। ऐसी स्थिति में रोहित और गिल पारी का आगाज करेंगे। किशन को मध्यक्रम में भी उतारा जा सकता है। उन्होंने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अभी तक जो चार पारियां खेली हैं उसमें उन्होंने दो अर्धशतक जमाए हैं। उन्हें पांचवें नंबर पर भी उतारा जा सकता है।

सिनेमा

## विजय देवरकोंडा संग फोटो क्लिक करा रहे फैन को सिक्योरिटी टीम ने दिया धक्का



साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'खुशी' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इन फिल्म में विजय एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु के साथ नजर आने वाले हैं। इस वक्त विजय और फिल्म की पूरी टीम 'खुशी' के प्रमोशन में काफी बिजी है। हाल ही में एक्टर 'खुशी' के प्रमोशन के लिए एक कार्यक्रम में पहुंचे थे, इस दौरान उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें विजय के फैन के साथ उनकी सिक्योरिटी टीम ने जो हरकत की उसे देखने के बाद फैंस काफी नाराज दिख रहे हैं।

दरअसल, विजय देवरकोंडा हाल ही में एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उनकी को-स्टार यानी सामंथा रुथ प्रभु स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण शामिल नहीं हुईं थीं। इस दौरान का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें विजय के साथ उनके फैन एक-एक करके स्टेज पर फोटो क्लिक करा रहे थे। ऐसे में जब एक फैन उनके साथ फोटो क्लिक करा रहा था, तभी वहां की सिक्योरिटी टीम ने उसे बलपूर्वक स्टेज से धक्का मारते हुए नीचे उतार दिया। इस दौरान का वीडियो वहां पर मौजूद एक फैन ने अपने कैमरे में कैद कर लिया।

# खतना कांड में एक और गिरफ्तारी

## ◆ बच्चे का फर्जी जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड बनाने वाला आरोपी शाजापुर से गिरफ्तार, कोर्ट ने जेल भेजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आठ साल के बच्चे के जबरन धर्म परिवर्तन करने और उसके खतना करने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने उस युवक को पकड़ लिया है जिसने बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र के साथ छेड़छाड़ कर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र और उसकी मदद से आधार कार्ड बनवा लिया था। आरोपी को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया है।**

टीआई उमरावसिंह के मुताबिक 8 साल के नाबालिग का फर्जी आधार कार्ड बनाने के मामले में पुलिस ने मोहम्मद जफर अली निवासी वार्ड नंबर 15 तकिये वाली मस्जिद के पास, मगरिया शाजापुर को गिरफ्तार किया। आरोपी करीब डेढ़ माह से पुलिस को चकमा देने के बाद पुलिस की गिरफ्त में आया।

मोहम्मद जफर शाजापुर में कैफे संचालित करता है। इलियास से उसकी पहले से दोस्ती थी। इसके चलते वह 8 साल के बच्चे के डॉक्यूमेंट बनाने के लिए राजी हो गया। इलियास ने उससे मोबाइल पर बात करके डॉक्यमेंट बुलवाए और बाद में उसके परिवार के सुपुर्द किया। जो इलियास को इंदौर लाकर सौंप दिए।

### 5 दिन का समय मांगा फिर फरार

पुलिस के मुताबिक मोहम्मद जफर के पास पुलिस इलियास के पकड़ाने के बाद ही पहुंच गई थी। लेकिन उसने पुलिसकर्मियों से कहा कि उसके पास बच्चे के ओरिजनल डॉक्यूमेंट हैं। वह पांच दिन में ढूंढकर पेश कर देगा। लेकिन बाद में जफर कैफे से भाग गया। उसने पुलिसकर्मियों से कहा कि इलियास ने ओरिजनल डॉक्यूमेंट से छेड़छाड़ की होगी। इसके बाद जब जफर का मोबाइल नंबर बंद आया और वह पते पर नहीं मिला। तब पुलिस ने उसके घर और ठिकानों पर तीन बार दबिश दी। लेकिन वह हर बार गायब हो जाता था। बुधवार को पुलिस ने सूचना मिलते ही उसे पकड़ लिया।

### इलियास की हो चुकी है जमानत निरस्त

इलियास और 8 साल के बच्चे की मां इस समय जेल में बंद है। 16 अगस्त को इलियास ने मामले में जमानत अर्जी लगाई थी। यहां डॉक्यूमेंट में छेड़छाड़ ओर प्रकरण को गंभीर मानते हुए कोर्ट ने जमानत देने से इंकार कर दिया था। इसके बाद फर्जी आधार कार्ड और अन्य डॉक्यूमेंट बनाने वाले को जल्द पकडऩे की बात कही गई। इलियास की जांच में पुलिस को यह भी पता चला कि उसने बच्चे की जन्म तारीख से ही नाम बदलकर एमवाय अस्पताल से दूसरा बर्थ सटिफिकेट बनवाया। इसके बाद उसने जफर की मदद से आधार कार्ड ओर अन्य डॉक्यूमेंट बनवाए थे।

# बुलेट की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

## पैदल जाते समय पीछे से मारी टक्कर, गाड़ी जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के राऊ इलाके में पैदल जा रहे एक बुजुर्ग हादसे का शिकार हो गए। उन्हें पीछे से बुलेट ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद उन्हें उपचार के लिये एमवाय अस्पताल ले जाया गया। गुरुवार को उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बुलेट सवार पर लापरवाही का मामला दर्ज कर गाड़ी जब्त की है।**

पुलिस के मुताबिक 75 वर्षीय यूसुफ पुत्र अब्दुल अली निवासी हसन नगर घर के पास सडक़ पर पैदल जा रहे थे। इस दौरान उन्हें पीछे से बुलेट ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल यूसुफ को एमवाय अस्पताल ले जाया गया। यहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बुलेट जब्त कर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है।

### मुखबिरी की शंका में पीट दिया

**इंदौर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में मुखबिरी की शंका में युवक के साथ कुछ बदमाशों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिव नगवाडिया दत्त नगर की रिपोर्ट पर अज्जू उर्फ अजय, मनीष उर्फ चिकना के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि कल दत्त नगर के सामने से शिव जा रहा था, तभी मुलजिमों ने उसे रोक लिया और कहा कि तुम हमारी मुखबिरी करते हो। इस बात का उसने विरोध किया, तो मारपीट शुरू कर दी और कहा कि आइंदा पुलिस के पास गया, तो खत्म कर देंगे।

### मंदिर का शिखर चोरी

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके में अज्ञात बदमाशों ने नंदबाग कॉलोनी स्थित गोंदी के बगीचे वाले हनुमान मंदिर का शिखर चुरा लिया। इस घटना से रहवासियों में रोष है। मंदिर के पुजारी हरिनारायण मेहता, सेवादार सुनील रघुवंशी, सोनू मकवाना, गौरव जायसवाल ने बताया कि थाना प्रभारी बाणगंगा को घटना के बारे में अवगत कराया गया और शिकायत दर्ज कराई गई है। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

# 5 लाख से अधिक की शराब जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। किशनगंज पुलिस ने भारी मात्रा में शराब के साथ एक आरोपी को पकड़ा हैं। कार्रवाई में पुलिस ने 5 लाख 40 हजार 980 रूपए की 1093 लीटर अंग्रेजी व देसी शराब बरामद की हैं,और पिकअप वाहन को जब्त किया हैं।**

दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी की राऊ- खलघाट फोरलेन पर एक बोलेरो पिकअप क्रमांक एमपी43जी4938 में अवैध शराब भरी हैं जो राऊ की ओर से खलघाट जा रही हैं। सूचना मिलते ही किशनगंज पुलिस ने एक टीम बनाकर वाहन की चेकिंग की तो उसमें शराब पाई गई। मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया हैं। एक आरोपी मौका देखकर फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपी धर्मेन्द्र पिता स्व. बीलाजी कटारे (37) निवासी दौलत नगर धार और फरार आरोपी बब्बू निवासी घाटा बिल्लौद हैं। जिसकी पुलिस तलाश कर रही हैं।

किशनगंज पुलिस ने वाहन को जब्त कर अपराध क्रमांक 795/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का मुकदमा कायम किया हैं। फिलहाल गिरफ्तार आरोपी धर्मेंद्र से पूछताछ की जा रही हैं। शराब किसकी थी और कहां से कहां जा रही थी इसका भी पुलिस पता लग रही हैं। इस कार्रवाई में किशनगंज थाना प्रभारी कुलदीप खत्री,उप निरीक्षक विक्रमसिंह मण्लोई ,सुरेश कुमार यादव,मोहन देवड़ा,राकेश चौहान,आर. फतेहसिंह की कार्रवाई में अहम भूमिका रही।

### महिला को पीटने वाले पकड़ाए कान पकडक़र मांगी माफी

**इंदौर।** आजाद नगर इलाके में महिला के साथ बुरी तरह मारपीट करने की घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों पर न केवल केस दर्ज किया, बल्कि उन्हें गिरफ्तार करने के बाद उनका जुलूस भी निकाला। इस दौरान दोनों से उसी स्थान पर उठक बैठक लगवाई, जहां उन्होंने महिला को पीटा था। महिला से सामना होने पर दोनों आरोपी कान पकडक़र माफी मांगने लगे। महिला से मारपीट की घटना गत दिनों आजाद नगर इलाके के मथुरा कालोनी में हुई। किराए का मकान देखने गई साहिबा को दो युवकों ने पीट दिया था। साहिबा को आरोपियों ने थप्पड़ मारे। घटना के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे, लेकिन पुलिसकर्मियों ने समझौता करवाकर रवाना कर दिया। इस घटना का वीडियो जारी हुआ तो डीसीपी जोन-1 आदित्य मिश्रा ने एक्शन लिया। डीसीपी ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करवाया और कहा कि घटना शर्मसार करने वाली है। उन्होंने दोनों आरोपियों बिट्टू पिता हाफिज और उसके भाई छोटू की गिरफ्तारी करवाई। गुरुवार को पुलिस दोनों को हथकड़ी लगाकर उसी स्थान पर ले गई। महिला से सामना हुआ तो आरोपितों ने कान पकडक़र माफी मांगी।

# चलती ट्रेन में चढ़ गया वारंटी, पुलिस ने लगाई दौड़

## 20 साल से था फरार, होटल में कर रहा था हाउस कीपिंग का काम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। परदेशीपुरा थाने में 20 साल से फरार चल रहे वारंटी को गुरुवार को जवानों ने पीछा कर पकड़ा। आरोपी पुलिस ने बचने के लिये चलती ट्रेन में जा चढ़ा। बाद में ट्रेन कुछ दूरी पर रूक गई। जिसमें से आरोपी को जवानों ने बाहर निकाला। उसे थाने लेकर आए। टीआई पंकज द्विवेदी के मुताबिक परदेशीपुरा पुलिस को उज्जैन में जाकर एक 20 वर्ष पुराने मारपीट के मामले में वांछित आरोपी धनराज पुत्र अशोक को पकडऩे में सफलता मिली। आरोपी पर धारा 324, 323, 294, 506, 34 के तहत केस दर्ज हुआ। जिसमें कोर्ट से जमानत मिलने के बाद धनराज इंदौर से गायब हो गया था। उसकी जानकारी के लिये प्रधान आरक्षक भोला यादव और रोशन यादव को लगाया गया। कुछ दिन पहले उन्हें जानकारी लगी कि वह शिवांजलि होटल उज्जैन में हाउस कीपिंग का काम कर रहा है। जब दोनों ने उसकी पूरी पहचान होने पर पकडऩे का प्रयास किया तो रेलवे स्टेशन पर दौड़ लगा दी।

# थाने में मनाया रक्षाबंधन

## डीसीपी और टीआई ने बहनों को दिए गिफ्ट



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लसूडिया थाना परिसर में गुरुवार को रक्षाबधंन त्यौहारा मनाया गया। जिसमें डीसीपी, एडीशनल डीसीपी और एसीपी उपस्थित रहे। इस दौरान 200 से ज्यादा बहनों को उपहार दिए गए। लसूडिया टीआई तारेश कुमार सोनी ने बताया कि थाना परिसर लसूडिया में रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया, जिसमें थाना क्षेत्र की लाड़ली बहना सेना ने उत्साह के साथ बढ़ चढक़र हिस्सा लिया । इस दौरान डीसीपी अभिषेक आनंद, एडीशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह, एसीपी सोनाक्षी सक्सेना, नगर सुरक्षा समिति के लोग उपस्थित थे। डीसीपी अभिषेक आंनद ने इस दौरान कहा कि पुलिसकर्मी अपने घरों से दूर कर्तव्य स्थल पर होने के कारण रक्षाबंधन नहीं मना पाते हैं। मेरा स्वयं का घर बहुत दूर है, लेकिन आप सभी को उपस्थित और स्नेह से मैं आज रक्षाबंधन का त्योहार परिवार की तरह मना पाया। इस अवसर पर थाना लसूडिया के समस्त स्टाफ के सहयोग से बहनों को उपहार दिए गये । रक्षाबंधन के इस अनूठे कार्यक्रम में क्षेत्र की करीबन 200 महिलायें उपस्थित रहीं ।

यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है...
अपने आसपास के भ्रष्टाचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है...
तो आइए हमारे समाचारपत्र/न्यूज वेबपोर्टल/यूट्यूब चैनल के साथ 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करें।
*****
कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर खुद को रजिस्टर्ड करें। या फिर हमें आपका पूरा बॉयोडाटा मेल करें
www.dgr.co.in
www.detectivegroupreport.com
detectivegroupreport@gmail.com
(आपके सुझाव/लेख/न्यूज़/सूचना का सदैव स्वागत है)

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।